कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

क्रमांक/पीए/आयुक्त/2009/734 दिनांक :- 20/5/2009

श्री विनोद विरमानी
अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर

विषय :- बरकतुल्लाह खां स्टेडियम स्थित प्राधिकरण के विद्युत उप कार्यालय के निरीक्षण के संबंध में।

प्रंसग :- कार्यालय आदेश क्रमांक/पीए/आयुक्त/2009/191 दिनांक 04.02.09

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रांसगिक पत्र के सन्दर्भ में लेख है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिनांक 03.02.09 को बरकतुल्लाह खां स्टेडियम स्थित प्राधिकरण के विद्युत उप कार्यालय का निरीक्षण किया गया था, निरीक्षण के दौरान उप कार्यालय में श्री गौरीशंकर गांधी सहायक अभियन्ता विद्युत के कार्यो का निरीक्षण एवं समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कई कमियां पायी गई थी इन कमियों के संबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उपरोक्त प्रासंगिक कार्यालय आदेश जारी किया गया था।

उक्त आदेश में आपको भी निर्देशित किया गया था कि गत दो वर्षो में हुए समस्त विद्युत कार्यो की समीक्षा उपरोक्त बिन्दुओं की रोशनी में अपनी रिपोर्ट आगामी सात दिवस में प्रस्तुत करेंगे किन्तु आदिनांक तक आप द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार गत दो वर्षो में हुए समस्त विद्युत कार्यो के समीक्षा कर रिपोर्ट दिनांक 25.05.09 तक आवश्यक रूप से अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें।

(गौरव गोयल)
आई.ए.एस.
आयुक्त
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर

Recd.
20/5/09